उपलब्धि. 59.37 लाख रुपये का सर्वाधिक वार्षिक पैकेज

आइआइएम रांची ने 100% प्लेसमेंट का लक्ष्य पूरा किया

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) रांची के सत्र 2018-20 के एमबीए और एमबीए एचआर के विद्यार्थियों ने 100 फीसदी प्लेसमेंट पूरा किया है. शनिवार को आइआइएम रांची की ओर से फाइनल प्लेसमेंट रिकॉर्ड जारी किया गया. इसमें बताया गया है कि एमबीए कोर्स के एक विद्यार्थी ने सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय प्लसेमेंट 59.37 लाख रुपये वार्षिक हासिल किया है. एमबीए के अन्य विद्यार्थियों ने देसी संस्थानों में औसत 15.11 लाख रुपये पैकेज हासिल किया है.

248 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट : शैक्षणिक सत्र 2018-20 के 248 विद्यार्थियों में 181 एमबीए और 67 एमबीए- एचआर प्रोग्राम के हैं. कैंपस प्लेसमेंट के दौरान 120 से अधिक कंपनियों ने सेल्स एंड मार्केटिंग, फाइनांस, ऑपरेशंस एंड जनरल मैनेजमेंट, आईटी एंड एनालिटिक्स, स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टिंग,

और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का चयन किया. एमबीए के विद्यार्थियों का औसतन प्लेसमेंट 15.11 लाख रुपये वार्षिक के पैकेज पर हुआ है. वहीं अंतरराष्ट्रीय संस्थान में 59.37 रुपये लाख वार्षिक पैकेज पर भी विद्यार्थी ने अपनी जगह बनायी है.

एमबीए-एचआर में सर्वाधिक 26.50 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज : सत्र 2018-20 के एमबीए- एचआर प्रोग्राम के विद्यार्थियों का औसत प्लेसमेंट 14.55 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है. वहीं इस बैच के विद्यार्थी ने सर्वाधिक 26.50 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज हासिल किया है. प्लेसमेंट के लिए पहुंची विभिन्न कंपनियों में सर्वाधिक एमबीए सेल्स एंड मार्केटिंग के 41 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है. इसके अलावा फाइनांस के 19 फीसदी, आइटी एंड एनालिटिक्स के 15 फीसदी, ऑपरेशन्स एंड जनरल मैनेजमेंट के 16 फीसदी और स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टिंग के नौ फीसदी ने अपनी जगह बनायी.

प्लेसमेंट कई नयी कंपनी पहुंची थीं : एक्सेंचर, अमेजन, आनंद राठी वेल्थ सर्विसेज, बॉश, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, डेलॉयट, डीएस ग्रुप, इमामी, फ्लिपकार्ट, गेल, आइसीआइसीआइ ग्रुप, आइबीएम, एचपी, जेपी मॉर्गन चेस, एल एंड टी, मारुती सुजुकी, आरपीजी, राइट्स, सैमसंग आर एंड डी, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक, वैल्यू लैब्स जैसे प्रमुख ब्रांड पहुंचे थे. वहीं पहली बार एशियन पेंट्स, सीके बिड़ला ग्रुप, इमामी एग्रोटेक, एचसीएल, हीरो मोटोकॉर्प, एचएसबीसी, इंडिगो पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियां पहुंचीं.

Prabhat Khabar, 17.05.2020, Pg. 06